FROM:- ADG ANTI NAXLITE

नक्सल विरोधी अभियान के विषय पर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा ली गई दिनांक 26-09-2018 को बैठक में लिए गये निर्णयों को फील्ड स्तर पर क्रियान्वित करने हेतु दिनांक 07-10-2018 को एक बैठक ली गई जिसमें निम्न अधिकारी उपस्थित थे :-

1. श्री के.पी. वेन्काटेश्वर राव, पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन बालाघाट
2. श्री इरशाद वली, पुलिस उपमहानिरीक्षक बालाघाट रेंज बालाघाट
3. श्री जयदेवन ए., पुलिस अधीक्षक, बालाघाट
4. श्री आदित्य प्रताप सिंह, सेनानी, हॉक बल
5. श्री अभिषेक तिवारी, सेनानी, 35वीं वाहिनी
6. श्री हितेष चौधरी सेनानी, 36वीं वाहिनी
7. श्री रघुवंश कुमार, कमाण्डेन्ट 123वीं वाहिनी
8. श्री संदेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नक्सल अभियान
9. श्री राहुल सेठ, द्वितीय कमान अधिकारी, 123वीं वाहिनी
10. श्री शुभम गुप्ता, सहायक कमाण्डेन्ट, कोबरा 208
11. श्री मकसूद आलम, सहायक कमाण्डेन्ट, कोबरा 208

इस बैठक में नक्सल विरोधी अभियान के सभी अवयवों पर सूक्ष्मता से विचार कर उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया जहां सुधार की आवश्यकता है । बैठक के दौरान नक्सल विरोधी अभियान में लगे हुए सभी बलों तथा इंटेलिजेन्स एजेन्सी के द्वारा किये जा रहे कार्यों को इस तरह से संपादित किये जाने पर चर्चा की गई, जिससे कि सभी की शक्तियां एकजुट होकर परिणाम प्रस्तुत कर सके । बैठक में पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्णयों को अक्षरतः संपादित करने के लिए टास्क को चिन्हित किया गया तथा संपादन की जिम्मेवारी तय की गई ।

N/cell

- पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई एस.ए.एफ. की दो अतिरिक्त कंपनियों की वितरण के विषय में लिया गया । यह तय किया गया कि टेबल (1) हिसाब से कैंप की सुरक्षा की जिम्मेदारी 35वीं वाहिनी व 36वीं वाहिनी के द्वारा की जाएगी । इस व्यवस्था से सभी पोस्टों पर उपलब्ध हॉकफोर्स का बल पूर्ण रूप से ऑपरेशन हेतु उपलब्ध होगा तथा ज्यादा समय तक ऑपरेशन कर पाएगा ।

9.10.18

PHQ
4583/18
09/10/18

I/C N/Cell
10/10/2018

- हर्राटोला, बन्दनीखेरा में नए कैंप स्थापित करने के विषय में निर्णय लिया गया । यह तय किया गया कि सीआरपीएफ की एक-एक कंपनी तथा हॉक की दो-दो टीमें वहां रहेंगी इसके अतिरिक्त कैंप सुरक्षा में 35वीं वाहिनी के दो प्लाटून लगाये जाएंगे । इस प्रकार सम्पूर्ण बल की अलग-अलग स्थानों पर तैनाती की स्थिति निम्नानुसार हो जाएगी ।

## टेबल क्र. 1

| क्रं | कंपनी का नाम | तैनाती स्थापना | हॉक बल की संख्या | सीआरपीएफ बल की संख्या | एसएएफ बल की संख्या | जिला बल का संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्टिंजर ग्रुप 1 | देवरबेली-1 | 64 | - | - | 83 |
| | | टेमनी-2 | 40 | 1 कंपनी | 120 | |
| 02 | स्टिंजर ग्रुप 2 | सीतापाला-3 | 65 | - | 01 प्लाटून 36 वीं | 18 |
| | | मलायदा-4 | 47 | - | | - |
| 03 | स्टिंजर ग्रुप | हर्राटोला-5 (मण्डला ) | 58 | 01 कंपनी | 01 प्लाटून 35 वीं | - |
| | | बंदनीखैरा-6 | 29 मलाजखण्ड +हॉक भोपाल | 01 कंपनी | 01 प्लाटून 35 वीं | - |
| | | गढी-7 | 29 | - | - | - |
| 04 | स्टिंजर ग्रुप | सोन गुडडा-8 | 55 | - | - | 18 |
| | | पाथरी-9 | 53 | - | - | 21 |
| 05 | स्टिंजर ग्रुप | गोदरी-10 | 57 | - | - | 23 |
| | | कसंगी-11 | 47 | - | - | - |
| 06 | स्टिंजर ग्रुप | सालेटेकरी-12 | 31 | | | 30 |
| | | मछुरदा-13 | 51 | | 01प्लाटून 35वीं | 19 |
| 07 | स्टिंजर ग्रुप | डाबरी-14 | 41 | | | 20 |
| | | पितकोना-15 | 35+28 किरनापुर | | 01प्लाटून 36वीं | - |
| 08 | मवई(मण्डला ) | 35 बटालियन का 01 प्लाटून-16 | | | | |
| 09 | मोतीनाला | 35 बटालियन का 01 प्लाटून + 20 UOTC मण्डला -17 | | | | |
| | | कुल - 17 पोस्ट | | | | |

निम्नलिखित विस्तार इलाके में वंदनी रकैरा, गढ़ी, सालेटेकरी, जिला मण्डला में हर्राटोला, मोतीनाला, मवई अतिरिक्त बल तैनात किया जाए ।

उपरोक्त चार्ट से यह स्पष्ट है कि कुल मिलाकर 17 पद जिला मण्डला, बालाघाट को मिलाकर स्थापित हो जाएंगे, हॉक की यूनिटों पर नियमित नियंत्रण के लिए यह तय किया गया कि कमांडेन्ट 35वीं वाहिनी, मण्डला तथा जिला बालाघाट के बैहर सब डिवीजन के सभी पोस्टों का चार्ट में दर्शायी गई टास्क के मुताबिक नियमित (दैनिक तथा साप्ताहिक) पर्यवेक्षण करेंगे। इसी प्रकार कमांडेन्ट 36वीं वाहिनी लांजी सब डिवीजन में लगाए हुए हॉकफोर्स के सभी पोस्टों का दैनिक पर्यवेक्षण का काम चार्ट अनुसार करेंगे । यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि दोनों कमांडेन्ट (35वीं वाहिनी, 36वीं वाहिनी) यह कार्य हॉकफोर्स कमांडेन्ट की सहायता हेतु करेंगे ।

- नए नक्सल फॉरवर्ड बेस कैम्प बन्दनियाखेड़ो एवं हर्राटोला में सीआरपीएफ 123 बटालियन के दो कंपनियों को लगाया जाएगा इस कैम्प का निर्माण तीब्र गति से चल रहा है निर्माण कार्य समाप्त होते ही उज्जैन से आवश्यकतानुसार कंटेनर लाकर यहां जल्द से जल्द बल को स्थापित किया जाएगा इस बीच सीआरपीएफ के कमांडेन्ट अपनी टीम भेजकर वहां की सुरक्षा आवश्यकता का आकलन करेंगे । यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि 20 अक्टूबर से पहले करने के लिए सीआरपीएफ की टीमों को इन इलाकों में ऑपरेशन के लिए भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए । दोनों कैम्पों में 50 से 55 हॉक के साथ एक-एक प्लाटून एसएएफ का बल कैम्प में तैनात रहेगा ।
- एसएएफ को प्रत्येक प्लाटून में हथियार गाईड लाईन के अनुसार प्रदान किए जाए तथा संबंधित कमांडेन्ट यह सुनिश्चित करेंगे कि लगाया गया प्लाटून कैम्प सुरक्षा में सक्षम हो ।
- मछुरदा चैकी मे Anti Mines Vehicle रखा जाए।
- ट्राई जंक्शन के क्षेत्र में कोबरा छतीसगढ़ एवं महाराष्ट्र पुलिस के साथ ज्यादा से ज्यादा फिल्ड ऑपरेशन निकाला जाये।

000

239

(2)

<u>कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, बालाघाट जोन, बालाघाट</u>

कमांक–पुमनि / बाला / लेखा / 2304 / 2018 दिनांक 03 / 10 / 2018

**प्रति,**

**अति0पुलिस महानिदेशक,**
**(प्रबंध)**
**पुलिस मुख्यालय, भोपाल**

विषय :– बालाघाट जिले में 03 नवीन नक्सल फारवर्ड बेस कैम्प स्थापित करने के संबंध में ।

संदर्भ:– पुलिस अधीक्षक बालाघाट का पत्र कमांक–पुअ / बाला / नसेल / 483(पी) / 2018, दिनांक 29 / 09 / 2018

---00---

कृपया उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । दिनांक 26 / 09 / 2018 को पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा जिला बालाघाट एवं मण्डला में नक्सल गतिविधियों के संबंध में मीटिंग ली गई थी । वर्तमान में जिला बालाघाट में नक्सल गतिविधियों की रोकथाम हेतु 03 नवीन फारवर्ड कैंम्प (टेमनी / सूपखार / मालूमझोला) में 10 नवम्बर तक स्थापित करने निर्देशित किया गया है । नवीन फारवर्ड नक्सल कैम्पों को स्थापित करने में एक कैम्प में लगभग 15 लाख कन्स्ट्रक्शन / इलेक्ट्रिसिटी में एवं 05 लाख अन्य कार्यो में लगना संभावित है । उक्त तीनों कैम्पों को स्थापित करने हेतु लगभग 60 लाख का व्यय आयेगा, जिसे एस0आर0ई0–51 अन्य प्रभार मद में एवं इसके अतिरिक्त नक्सल विरोधी अभियान हेतु तकनीकी उपकरण क्रय करने हेतु 10 लाख, मशीन एवं उपकरण मद में आवंटित कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन अनुशंसा सहित आपकी ओर सादर प्रेषित है ।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार ।

**(के.पी. वेंकाटेश्वर राव),**
**पुलिस महानिरीक्षक,**
**बालाघाट जोन, बालाघाट**

प्रतिलिपि :– पुलिस अधीक्षक बालाघाट की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

**पुलिस महानिरीक्षक,**
**बालाघाट जोन, बालाघाट**

N/cell (76) 94 6/10/18

N/cell

पुमनि 1564/18 03/10/18

3.10.18

4/10/2018